मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण, कार्यारंभ एवं शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

- 14 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के 'सभागार'में 1919 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत वाली 772 विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जमुई में भी लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संस्थान के परिसर में टेलीमेडिसिन स्टूडियो (ई-संजीवनी) का शुभारंभ कर निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कॉफी टेबल बुक 'मीमांशा-2021' का विमोचन भी किया।
- मुख्यमंत्री ने 9 स्वास्थ्यकर्मियों (चिकित्सक, ए.एन.एम., लैब टेक्नीशियन एवं कोल्ड चेन टेक्नीशियन) को सांकेतिक रूप से नियुक्ति-पत्र प्रदान किया तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बेहतर कार्य करने वाले ज़िलों को भी सम्मानित किया। इसमें प्रथम डोज के लिये पूर्णिया, सहरसा, गया, पटना एवं सिवान को, जबकि दूसरी डोज के लिये सहरसा, गोपालगंज, सिवान, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण को सम्मानित किया गया।
- कोरोना काल में बेहतर कार्य करने के लिये मुख्यमंत्री ने विशेष सचिव सह कार्यपालक निदेशक राज्य आयुष समिति अरविंदर सिंह, अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति अनिमेश कुमार पराशर, ओ.एस.डी. स्वास्थ्य विभाग रेणु देवी, असिस्टेंट डायरेक्टर राज्य स्वास्थ्य समिति मनीष रंजन, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर, राज्य स्वास्थ्य समिति विवेक कुमार सिंह तथा पी.एम.यू. हेल्थ डिपार्टमेंट की धन्या शशि व सना जैन को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के 'डिजिटल ब्लड डोनर'कार्ड रक्तदाता मुंगेर के पत्रकार त्रिपुरारी कुमार मिश्रा तथा सीतामढ़ी की चिकित्सक डॉ. प्रतिमा आनंद को वितरित किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated,-launched-and-laid-the-foundation-stone-of-various-schemes-of-health-department